# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025




## खबर संक्षेप

### बारिश से जर्जर मकान ढहा, विधवा हुई बेघर

**घाटलोहंगा।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत कवि आसना ब्राह्मणपारा की एक विधवा सोनबती बेसरा पति स्व. बूदरू बेसरा का घर लगातार बारिश के चलते ढह गया। छत गिरने से घर में पानी भर गया और पूरा मकान रहने लायक नहीं बचा। इस हादसे के कारण महिला अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ बेघर हो गई। जानकारी के अनुसार महिला का कोई सहारा नहीं है। अपने बच्चों को लेकर गांव में दूसरों के घर शरण लेने की कोशिश कर रही है। सहयोग के अभाव में उसकी स्थिति दयनीय हो गई है। जनपद सदस्य गजेंद्र सिंह ठाकुर ने टूटे-फूटे घर को देखा। उन्होंने मौके पर पहुंचकर महिला से चर्चा की और उसकी व्यथा सुनी। उन्होंने शासन-प्रशासन से आग्रह किया है कि तत्काल सहायता एवं आवास उपलब्ध कराया जाए।



### नवीन कालेज में रजत जयंती पर हुईं स्पर्धाएं

**धनोरा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय धनोरा जिला कोंडागांव में शासन के निर्देशानुसार 12 सितंबर को छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री ओ.पी.साहू, प्राध्यापकगण एवं छात्र- छात्राओं ने पूरे जोश के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भाषण, प्रश्नोत्तरी एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भाषण में प्रथम स्थान पीयूष बी एस सी १ सेमेस्टर, द्वितीय स्थान निर्मला यादव बी एस सी तृतीय सेमेस्टर एवं प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान रेशमा मरापी एवं ग्रुप (बी एस सी तृतीय वर्ष) एवं द्वितीय स्थान मनीषा जाड़े एवं ग्रुप (बी एस सी प्रथम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्राम में रैली निकालकर योजनाओं के लाभ और महत्व को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। यह आयोजन जागरूकता सहभागिता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरक उदाहरण बन गया।

# धर्मांतरण के बाद दो परिवारों के चार सदस्यों ने की पुनः हिंदू धर्म में वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्राकृतिक सौंदर्य और शांति के लिए प्रसिद्ध बस्तर में कुछ समय से बाहरी प्रभावों के चलते लोगों के धर्म परिवर्तन के मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि अब पीड़ित परिवार अपनी गलती का प्रायश्चित कर समाज में लौटने का मार्ग चुन रहे हैं। इसी क्रम में कोंडागांव क्षेत्र की दो परिवारों ने पुनः हिंदू धर्म में वापसी की है।

कोंडागांव की कुसुम बैरागी ने बताया कि पति के निधन के बाद उन्हें बहला–फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराया गया और उनके पुत्र ऋषभ बैरागी का नाम भी बदल दिया गया। कुसुम ने भावुक होते हुए कहा हम समाज से कट गए थे, गलती का प्रायश्चित करते हुए अब हम पुनः अपने धर्म में लौटकर सामान्य जीवन जीना चाहते हैं। इसी तरह पुष्पा नायक ने भी समाज के सामने अपनी व्यथा रखी। उन्होंने कहा कि कम उम्र में अनजाने में लिए गए गलत फैसले के कारण उन्हें कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। नाम और पहचान बदल जाने से न केवल उन्हें बल्कि उनके पुत्र को भी पढ़ाई और अन्य कामों में परेशानी होने लगी। पुष्पा ने कहा— कि मेरा नाम भी बदल कर शबनम और बेटे का नाम शेख फैसल किया गया था। अब मैं अपने बेटे के उज्जवल भविष्य और अपने आत्मसम्मान के लिए पुनः अपने जन्म धर्म में लौटना चाहती हूँ।

### हमारा प्रयास हर भटके हुए को कराएंगे घर वापसी : यतींद्र छोटू सलाम



#### धार्मिक रीति-रिवाजों से किया पुनः धर्म ग्रहण

सर्व आदिवासी युवा प्रभाग के जिला अध्यक्ष यतींद्र छोटू सलाम, मुरिया समाज के जिला अध्यक्ष धनीराम, बैजू नेताम, बजरंग दल के उपाध्यक्ष नितेश जैन, कांति साहू, सानू जैन, लकी यादव, पीयूष देवांगन एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ। गायत्री मंदिर में पंडित प्रवीण शर्मा ने वेदिक विधि–विधान से सभी को पुनः हिंदू धर्म में दीक्षा दिलाई। यतींद्र सलाम ने कहा कि कुछ बाहरी लोग योजनाबद्ध तरीके से भोले–भाले ग्रामीणों को बहलाकर उनकी पहचान और नाम बदलने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने शासन–प्रशासन से ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की और स्थानीय मुस्लिम समाज से भी अपील की कि हमें अपने लोगों को जागरूक करना होगा और बाहरी प्रभावों से समाज को बचाना होगा। बस्तर की शांति और परंपराओं को बनाए रखना हमारी आप की जिम्मेदारी है।

### जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर बच्चे, सता रहा हादसे का डर, पालक कर रहे नए भवन की मांग

# बरकई प्राशा व माशा जर्जर हादसे की आशंका, बालक और पालक चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के माकड़ी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बरकई में दो ऐसा स्कूल है जहां बच्चे हर दिन दुर्घटना की आशंका के बावजूद स्कूल आते हैं ताकि उनकी शिक्षा की भूख मिट सके। हम बार कर रहे है ग्राम बरकई में स्थित प्राथमिक स्कूल और माध्यमिक स्कूल भवन की जो पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जो कभी भी गिर सकता है ।

- छत की छड़े साफ नजर आ रही गाहे–बगाहे प्लास्टर गिरते रहते हैं

स्कूल के छत की छड़ दिखने लगा है वही हर दो दिन में छत का प्लास्टर गिरता रहता है । इस डर के बावजूद बच्चे रोज पढ़ने आते हैं। वही परिजनों के मन में हमेशा डर सताए रहता है कि कब क्या हो जाएगा, कई पालक तो बच्चों को स्कूल में भेजने के लिए डर रहे है। वही स्कूल प्रबंधन और पालकों का कहना है कि शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को स्कूल की स्थित के बारे में अवगत करवाया गया है और नए भवन की मांग की जा चुकी है लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं नहीं उठाया गया है जिसके चलते आज भी बच्चे डर के साए में शिक्षा ग्रहण कर रहे है।




#### चार कमरों में लगती हैं आठ कक्षाएं और शिक्षक हैं छह

ग्राम बरकई के प्राथमिक स्कूल पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, जिसे ध्यान में रखते हुए विगत तीन वर्षों से संकुल केंद्र भवन के दो कमरों को प्राथमिक स्कूल को संचालित किया जा रहा है। हालांकि संकुल केंद्र भवन की स्थिति भी जर्जर हो चुकी है। फिर भी बच्चे शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर है। प्राथमिक स्कूल में कुल 72 बच्चे है । कमरे के आभाव में दो कमरों में तीन कक्षाएं लग रही है। जिसमें कक्षा पहली में 17, दूसरी में 10, तीसरी में 19, चौथी में 17 और पांचवीं में 09 बच्चे है। एक छोटे से कमरे में कक्षा पहली ,दूसरी और तीसरी संचालित किया जा रहा है। वही दूसरे में कमरे में चौथी और पांचवीं कक्षा संचालित किया जा रहा है। इसी तरह माध्यमिक स्कूल भी दो कमरों में संचालित किया जा रहा है, माध्यमिक स्कूल में कुल 44 बच्चे है। कक्षा छठवीं में 13 और सातवीं में 08 बच्चे हैं, जो कि एक कमरे में पढ़ाई करते है। वही कक्षा आठवी में 23 बच्चे है जो दूसरे कमरे में संचालित किया जा रहा है। वही आठ कक्षाओं के लिए मात्र छः ही शिक्षक है। प्राथमिक स्कूल के लिए दो शिक्षक और माध्यमिक स्कूल के लिए चार शिक्षक है जिसमें एक प्रधानपाठक शामिल है । कमरों और शिक्षकों अभाव में बच्चे एक साथ पढ़ने को मजबूर है। ऐसे स्थित में बच्चों को सहित रूप से शिक्षा मिल पाना संभव नहीं है। ग्रामीण लखु राम सेठिया में बताया कि बरकई बड़ेपारा में स्थित प्राथमिक भवन करीब तीनों वर्ष पूर्व जर्जर हो चुक है।जो अभी बंद है । बच्चों की पढाई को ध्यान में रखते हुए अभी प्राथमिक स्कूल को संकुल केंद्र भवन के दो कमरों को संचालित किया जा रहा है। लेकिन यह भवन भी जर्जर है , बच्चे स्कूल जाने में डरते है, कई बच्चे को स्कूल जाने से मना कर रहे है। प्राथमिक स्कूल के लिए मात्र दो ही शिक्षक है, ऐसे में बच्चों की पढाई भी ठीक से नहीं हो पा रहा है। जर्जर भवन को लेकर पालकों के द्वारा बैठक कर चर्चा किया गया है। जनदर्शन में पहुंचकर पालक अपने समस्या को कलेक्टर को बताएंगे, नए भवन के साथ एक अतिरिक्ष शिक्षक की मांग भी करेंगे । इस संबंध पर स्थानीय विधायक से भी मुलाकात करेंगे ।

#### उच्च अधिकारियों को दी है जानकारी

वही माध्यमिक स्कूल के प्रधानअध्यापक रोमनाथ राणा ने बताया कि स्कूल भवन की जर्जर स्थिति के संबंध में पंचायत , संकुल और विभाग के उच्च अधिकारियों को दे चुके है। स्कूल भवन के साथ कार्यालय भवन भी जर्जर हो चुका है। बच्चे के साथ हम शिक्षक भी परेशान रहते है। छत का प्लास्टर अक्सर गिरता रहता है।

## इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

दिनांक 12 सितंबर 2025 को एक पीड़िता ने थाना अनंतपुर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि उसका गांव बाईबेड़ा के बैसूराम मंडावी से प्रेम संबंध था। दोनों शादी करने वाले थे और आपस में विश्वास करते थे। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने उसे कम कपड़ों में फोटो खींचकर मोबाइल पर भेजने के लिए कहा। विश्वासवश पीड़िता ने अपना निजी फोटो आरोपी के मोबाइल में दे दिया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी और उसका इंस्टाग्राम आईडी बनाकर वही अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

- प्रेम संबंध का उठाया फायदा जान से मारने की धमकी देकर किया ब्लैकमेल

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना अनंतपुर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अपराध क्रमांक 27/2025 धारा 79, 351(3) बीएनएस एवं 67 आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल रा.पु.से. के मार्गदर्शन और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार रा.पु.से. के पर्यवेक्षण में तत्काल टीम गठित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक कोमल प्रसाद राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी बैसूराम मंडावी पिता बोदाराम मंडावी उम्र 20 वर्ष, निवासी बाईबेड़ा पटेलपारा, थाना अनंतपुर, जिला कोण्डागांव को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।

#### न्यायालय में पेश

आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कोण्डागांव के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना अनंतपुर के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस ने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए त्वरित और प्रभावी कार्रवाई कर क्षेत्र में कानून–व्यवस्था बनाए रखने का सशक्त संदेश दिया है।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत फरसगांव में हुई प्रशिक्षण कार्यशाला



**फरसगांव।** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आयोजित 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को फरसगांव जनपद पंचायत के सभा कक्ष में एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, जनपद अध्यक्ष मानकु राम नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में किया गया। इस प्रशिक्षण हेतु फरसगांव जनपद पंचायत के सभी गांवो को 8 क्लस्टर में बांटा गया है। जिसमें 12 सितंबर से 16 सितंबर तक मास्टर्स ट्रेनर्स की टीम द्वारा प्रतिभागियों को आदिकर्मयोगी साथी का प्रशिक्षण दिया जाएगा । कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों का अभ्यास भी कराई जाएगी। पहले दिन शुक्रवार को कलस्टर कार्यशाला में ग्राम गट्टीपलना, मांझीआठगांव, चिचाड़ी, बानगांव, बोरगांव पश्चिम और पांडेआठगांव शामिल हुए। इस दौरान पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुकलाल मरकाम,जनपद सीईओ रूपेंद्र नेताम , समाज प्रमुख लतेल राम नाईक, छतरसिंह ,जनपद सदस्य श्रीमती मनीषा नेताम,धनबती मंडावी , लीलावती नेताम उपस्थित रहे।

## पेज 3 के शेष

### लोक अदालत की ....

समझाईश दी गई। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए और पति-पत्नि दोनों ने इस पर अमल करते हुए, बच्चे सहित रहना शुरू कर दिये हैं। उभयपक्षों की सहमति से प्रकरण का नेशनल लोक अदालत में निराकरण करते हुए, पति-पत्नि के मध्य री-यूनियन स्थापित की गई।

### बस्तर में नक्लवाद ....

ने युवाओं को हिंसा और नशे से दूर रखकर सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित किया है। हजारों युवाओं की भागीदारी ने साबित किया है कि बस्तर का भविष्य शिक्षा, खेल और कौशल विकास में है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस आयोजन से पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिली है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा कि बीजापुर जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला-शिशु कल्याण, सड़क और जलापूर्ति के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना, 45 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड, 36 हजार से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ, हर-घर-जल से गाँवों की पाइप जलापूर्ति और सड़कों का जाल बिछने से बीजापुर की तस्वीर बदल रही है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने जानकारी दी कि जिले में नक्सल-मुक्त अभियान के अंतर्गत सुरक्षा बलों की कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा और पुनर्वास योजनाओं को साथ-साथ लागू किया जा रहा है, जिससे नक्सली प्रभाव में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा कि सरकार आत्मसमर्पण करने वालों को प्रोत्साहन राशि, आवास, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। अपने संबोधन के अंत में एसपी ने नक्सलियों से आह्वान किया कि वे हिंसा छोड़कर विकास की मुख्यधारा से जुड़ें। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह तैयार है कि जो भी नक्सली समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहता है, उसे हर संभव सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

### युवा शक्ति ही राष्ट्र ....

कार्यक्रमों को पार्टी की विचारधारा का प्रचार प्रसार करते हुये क्रियान्वित करना है। नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया ने कहा कि प्रदेश के सभी युवा मोर्चा के हजारों हजार कार्यकर्ता संगठन को और मजबूत बनाने के लिये एकजुटता के साथ कार्य करेंगे। जनता से जुड़ कर और अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ कर संगठन के कार्यो को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ना है। टिकरिया ने संगठन के शीर्ष नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन पूर्वी जगदलपुर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय, बेवरेज कार्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी,विश्व विजय सिंह तोमर, पूर्व संगठन मंत्री विधान चंद्र कर, बैदूराम कश्यप, महापौर संजय पाण्डेय, कमलचंद भंजदेव, रुप सिह मण्डावी, भूपेंद्र नाग, जयराम दास, नीतेश मिश्रा, आशीष कुमेटी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।



## जर्जर सड़को की मरम्मत को लेकर पूर्व विधायक ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

केशकाल के पूर्व विधायक संतराम नेताम ने केशकाल विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़को की मरम्मत को लेकर शुक्रवार को कोंडागांव कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना से मुलाकात कर सड़क मरम्मत करने आवेदन दिया है। विधायक संतराम नेताम ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग केशकाल शहर करीब 03 किलोमीटर दुरी तक जो काफी जर्जर स्थिति में है, आमजन को आवागमन में काफी परेशानी होती है। रायपुर दिल्ली को जोड़ने वाला एक मात्र बस्तर का राष्टीय राजमार्ग है, आए दिन जाम की स्थिति रहती है एवं घटना-दुर्घटना आए दिन होते रहता है। इसी प्रकार बडेडोंगर से कोनगुड़ सड़क काफी जर्जर हालात में है, बड़े-बड़े गढ़ा सड़क मे है जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है। लोगो का आना-जाना ब्लाक जिला मुख्यालय में हमेशा रहता है सड़क जर्जर हालात में होने के कारण लोगो को आने-जाने में असुविधा होती है। केशकाल से विश्रामपुरी गम्हरी सडक जगह-जगह गढ़ा होने से लोगो को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। बड़े राजपुर से छोटे राजपुर का सड़क का भी यही स्थिति है। इन सभी जर्जर सड़को का मरम्मत करवाने हेतु कहा गया है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ललित सलाम, विशाल शर्मा, बुधसन मरापी, दिनेश नेताम, लक्ष्मीनाथ भारद्वाज, जीवन ठाकुर , प्रेमलाल मंडावी, रानू राम देवांगन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## राकसबेड़ा में पुलिस का चलित थाना, ग्रामीणों को किया जागरूक



**कोण्डागांव।** कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देश पर, माकड़ी पुलिस ने आज ग्राम राकसबेड़ा में एक चलित थाना लगाया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को विभिन्न अपराधों और सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करना था। सहायक उप निरीक्षक गिरीश कतलम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्रामीणों को कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। साइबर अपराध ऑनलाइन धोखाधड़ी और ठगी से बचने के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

महिला एवं बाल अपराध महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों और उनके बचाव के बारे में जागरूक किया गया। यातायात नियम सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी गई। नशा मुक्ति नशीली दवाओं के खतरों और उनके दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। नवीन आपराधिक कानून भारत सरकार द्वारा हाल ही में लागू किए गए तीन नए कानूनों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में गाँव के पटेल, कोटवार और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। माकड़ी पुलिस का यह अभियान लोगों को अपराधों से बचाने और उन्हें कानून के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## डेढ़ लाख का 50 सीएफटी साल व सागौन जब्त, 3 पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के चित्रकोट रेंज में अलग-अलग स्थानों पर घेरा बंदी एवं छापेमारी कर तीन आरोपियों के कब्जे से एक स्कूटी समेत लगभग 50 सीएफटी साल, सागौन की बेशकीमती लकड़ी बरामद की गई। काष्ठ की कीमत लगभग डेढ़ लाख रूपए बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि चित्रकोट के एसडीओ की नेतृत्व में डिप्टी रेंजर सहित वन कर्मियों ने दो रात लगातार सर्चिंग करने के बाद शुक्रवार की रात लगभग 1.30 बजे आरोपियों के साथ अवैध काष्ठ पकड़ाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर वन मंडल के चित्रकोट रेंज अंतर्गत 11 सितंबर की दरम्यानी रात को लगभग 2 बजे मारेंगा-पलवा मार्ग पर एक आरोपी को स्कूटी में 8 नग साल स्लीपर ले जाते हुए पकड़ा गया। उसके बाद से एसडीओ योगेश कुमार रात्रे की नेतृत्व में वन कर्मियों ने 11 सितंबर की रात से लगातार 12 सितंबर रात लगभग 1.30 बजे सर्चिंग से आरोपी की निशानदेही पर तोकापाल एवं कोहकापाल में 2 अलग-अलग व्यक्तियों के घर एवं बाड़ी में छापेमारी कर लगभग 50 सीएफटी साल एवं सागौन की लकड़ी जप्त की गई। आरोपियों में से तोकापाल बाजारपारा निवासी 58 वर्षीय नानीराम कश्यप, छोटे बोदल निवासी 28 वर्षीय बुल्कुराम नाग एवं कोहकापाल देउरगांव निवासी मनबोध के विरुद्ध वन अधिनियम के विभिन्न धाराओं तहत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में रेंज आफिसर चित्रकोट प्रकाश ठाकुर, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी तोकापाल राजकुमार मिश्रा, बीएफओ राम मौर्य एवं उड़न दस्ता दल की महत्पूर्ण भूमिका रही। साथ ही उक्त लकड़ी कांगेर घाटी एवं बोदल क्षेत्र से काट कर एकत्रित की जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।



#### अवैध काष्ठ का परिवहन रोकें

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने जिले के गांवों में मैदानी अधिकारी, कर्मचारी, विभाग की टीम गठित की गई, जो गांव, सड़कों और जंगलों में रात भर सर्चिंग कर रही है, इसके साथ-साथ वन विभाग के नाकों में भी जांच की जा रही है। इसके लिए एसडीओ, रेंजर को निर्देश दिया कि वे अवैध काष्ठ का परिवहन रोकें।

### विभाग के सहयोग से 32865 प्रकरणों का किया निराकरण

# 4.06 करोड़ के राजीनामा से 311 लंबित प्रकरणों का लोक अदालत में निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, प्रधान जिला न्यायाधीश गोविन्द नारायण जांगड़े द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिला न्यायालय में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में रखे गए लंबित 560 प्रकरणों में से 43 आपराधिक प्रकरण, 15 व्यवहार वाद प्रकरण, 22 दावा प्रकरण, 16 पारिवारिक प्रकरण, 53 धारा 138 नि.ई.एक्ट के प्रकरण, 31 श्रम संबंधी प्रकरण, 84 स्पेशल सिटिंग के अन्तर्गत प्रकरण, 47 ट्रैफिक चालान के प्रकरण, के प्रकरण इस प्रकार 311 निराकृत लंबित प्रकरणों में 4 करोड़ 06 लाख 50 हजार 750 रूपए में राजीनामा के आधार पर उनका निराकरण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया गया।



राजस्व न्यायालयों में गठित 20 खण्डपीठों में कुल 32434 राजस्व प्रकरणों एवं जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा 3 प्रकरणों का निराकरण किया गया । इसी प्रकार सभी प्रमुख बैंकों, बीएसएनएल विभाग, विद्युत विभाग द्वारा रखे गए 3535 प्रकरणों में से बैंकों के 20 प्रकरण, बीएसएनएल के 35 प्रकरण, विद्युत विभाग के 20 प्रकरण, सम्पत्ति कर के 31 प्रकरण एवं जलकर के 11 प्रकरण इस प्रकार 117 प्रकरणों में 20 लाख 86 हजार 475 रूपए में राजीनामा के आधार पर प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का अंतिम निराकरण किया गया। अदालत में अधिवक्ताओं, राजस्व विभाग, नगरपालिक निगम, बैंकों, बीएसएनएल विभाग के सहयोग से 32865 प्रकरणों का निराकरण किया।



#### परिसर में हुआ स्वास्थ्य शिविर

नेशनल लोक अदालत के लिए चिकित्सा विभाग के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया था, जिसमें उपस्थित पक्षकारों एवं आमजनों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया।

न्यायालय तहसीलदार भानपुरी जिला बस्तर (छ.ग.)
क्रमांक / / तह./ जन्म-मृत्यु/2025 भानपुरी दिनांक, / /2025

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डमरू कश्यप पिता स्वर्गीय बोण्डकु कश्यप जाति भतरा निवास ग्राम केशरपाल तहसील भानपुरी के द्वारा अपने दादाजी बुदसन पिता स्वर्गीय काड़ी की मृत्यु दिनांक 28.04.2013 को होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 22/09/2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा सहित जारी किया।

तहसीलदार भानपुरी

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025

2 बरकई प्राशा व माशा जर्जर हादसे की आशंका...



4 साइंस कैम्प में बच्चों ने किया कंप्यूटर और विज्ञान में ...





## खबर संक्षेप



### एनएचएम हड़तालियों ने किया पारंपरिक नृत्य

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर संघ बस्तर जिला निरंतर 26 वां दिन हड़ताल स्थल कृषि मंडी प्रांगण में ही एनएचएम साथी कर्मचारी द्वारा हड़ताल से संबंधित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें गीत, गायन एवं पारम्परिक बस्तरिया नृत्य किया गया है।

### अवैध रेत खनन व परिवहन के लिए जांच समिति गठित

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने वरिष्ठ विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में 10 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है । विधायक लखेश्वर बघेल, विकम मंडावी, पूर्व विधायक चंदन कश्यप, रेखचंद जैन, राजमन बेंजाम, छबिन्द्र कर्मा, हरीश कवासी, महामंत्री पीसीसी नीना रावतिया, शंकर कुडियाम, जिला अध्यक्ष लालू राठौर जांच समिति के सदस्यों से अविलंब क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय ग्रामवासियों से अवगत होकर प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को देने को कहा गया है। यह जानकारी प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने दी है।

### लोक अदालत में तीन प्रकरणों का निराकरण



**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में तीन प्रकरणों में 10 लाख रुपए की राशि पर खंडपीठ की अध्यक्ष सुजाता जसवाल और सदस्य सीमा गोलछा द्वारा समझौता करवा कर, प्रकरणों का निराकरण किया गया।

# लोक अदालत की समझाइश से अनबन मिटा व पति-पत्नी का वैवाहिक जीवन हुआ गुलजार

## पति ने दायर किया था तलाक की याचिका जिस पर अंततः बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

परिवार न्यायालय में पति-पत्नि के साथ वैमनस्यता होने से लगभग डेढ़ साल दूर-दूर रहे। शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में दोनों को समझाईश करने के बाद पति-पत्नि के एक साथ हुए।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल लोक अदालत में 13 सितम्बर को परिवार न्यायालय के समक्ष रखे गए प्रकरण में पति-पत्नि के मध्य समझाईश करवाकर प्रकरण का निपटारा किया गया है। आवेदिका एवं अनावेदक का विवाह से पूर्व प्रेम संबंध होने के चलते दोनों का विवाह 22 मई 2022 को ईसाई रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ था। दोनों के दाम्पत्य संबंधों से एक पुत्री का जन्म हुआ, उसके एक वर्ष बाद आवेदक एवं अनावेदिका के मध्य लड़ाई-झगड़ा व विवाद होने के कारण अनावेदिका अपने मायके चली गई। उसके पश्चात आवेदक द्वारा अनावेदिका के विरूद्ध विवाह-विच्छेद का यह मामला प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण के लम्बनकाल के दौरान आवेदक एवं अनावेदिका को उनके मध्य उत्पन्न विवादों को भूलकर, पति-पत्नि के रूप में साथ रहकर, सुखपूर्वक एवं शांतिपूर्वक पारिवारिक जीवन-निर्वाह करने के संबंध में ⏭ शेष पेज 2 पर



### पत्नी व पति के मध्य की समझाइश

खण्डपीठ -2 परिवार न्यायालय के पीठासीन अधिकारी ने बताया कि प्रकरण में पत्नी एवं पति के मध्य किए गए माध्यम से आवेदिका एवं अनावेदक को उनके मध्य उत्पन्न विवादों को भुलाकर, पति-पत्नि के रूप में साथ रहने के संबंध में समझाईश दी गई। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए एवं उभयपक्षों की सहमति से प्रकरण का नेशनल लोक अदालत में निराकरण करते हुए, पति-पत्नि के मध्य समझाईश स्थापित की गई।

## सियासत : रेड कॉरिडोर से डेवलपमेंट कॉरिडोर की ओर अग्रसर हो रहा बस्तर : साहू

# बस्तर में नक्लवाद अंतिम सांसें गिन रहा मार्च 2026 तक भारत होगा नक्सल-मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

■ बीजापुर जिले के अंतिम छोर पटनम पहुंचे केन्द्रीय मंत्री

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कभी नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्र आज विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 से अब तक सरकार ने सुरक्षा, समावेशी विकास और पुनर्वास को केंद्र में रखकर जो पहल की है उसके परिणामस्वरूप नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में है।

पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित वार्तालाप कार्यक्रम में साहू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य मार्च 2026 तक पूर्णतः नक्सल-मुक्त भारत बनाना है। उन्होंने कहा संदेश साफ है कि हिंसा का कोई भविष्य नहीं है, भविष्य केवल विकास का है। कभी रेड कॉरिडोर कहे जाने वाले इलाके अब 'डेवलपमेंट कॉरिडोर' बन रहे हैं। सड़कें, बिजली, शिक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी भय और पिछड़ेपन की जगह ले रही हैं।




उन्होंने बताया कि पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति 2025 के तहत आत्मसमर्पण करने वालों को प्रोत्साहन राशि, मासिक भत्ता, भोजन-आवास सुविधा, हथियार जमा करने पर नकद सहायता, तथा शिक्षा और रोजगार सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सामूहिक आत्मसमर्पण करने पर दुगुने लाभ दिए जा रहे हैं। नक्सल-मुक्त घोषित पंचायतों को एक करोड़ रुपये का विशेष विकास पैकेज दिया जा रहा है, ताकि सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क और सोलर लाइटिंग जैसी सुविधाएँ तुरंत उपलब्ध कराई जा सकें।

सांसद ने बस्तर ओलंपिक का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आयोजन बस्तर की सांस्कृतिक और खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला रहा है। उन्होंने कहा, बस्तर ओलंपिक ⏭ शेष पेज 2 पर

### 90 गांवों को आदर्श गांव के रूप में किया जा रहा विकसित

उन्होंने कहा कि नियाद नेल्लनार योजना के तहत बस्तर के 90 गांवों को आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां सड़क, पानी, स्कूल, स्वास्थ्य और डिजिटल पहुँच सुनिश्चित की जा रही है। यह केवल विकास की पहल नहीं, बल्कि आदिवासी युवाओं को शिक्षा और कौशल विकास के ज़रिये मुख्यधारा में शामिल करने का अभियान है। यह केवल एक तिथि तय करने का विषय नहीं, बल्कि हमारे जवानों की शहादत को श्रद्धांजलि देने और सुरक्षित-समावेशी भारत की गारंटी सुनिश्चित करने का मिशन है।

### बस्तर के विकास के लिए पीएम गंभीर : सांसद कश्यप

इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं बस्तर क्षेत्र के विकास की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क और डिजिटल कनेक्टिविटी से कृषि उत्पादों को नए बाज़ार मिल रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था को गति मिली है।

## युवा शक्ति ही राष्ट्र को देती है दिशा, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ : देव



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ संगठन का प्रत्येक कार्य महत्वपूर्ण : साय

भारतीय जनता युवा मोर्चा की संभागीय बैठक आज पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हॉल में आयोजित हुई। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय विशेष रूप से शामिल हुये। जिन्होंने संभागीय बैठक में नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया को बधाई देते हुये बस्तर अंचल के सात जिलों आये भाजयुमो कार्यकतार्ओं को मार्गदर्शन दिया और आगामी कार्य योजनाओं से अवगत कराकर जमीनी स्तर पर उन्हें मूर्त रुप देने कार्य करने कहा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ है जो आने वाले समय में भाजपा की बागडोर संभालेंगे। संगठन की कार्ययोजनाओं को जनता के बीच पहुंच कर साकार रूप देने का कार्य सभी को करना है। आगामी 17 सितम्बर से राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर सेवा पखवाड़ा आरंभ हो रहा है। जिसमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, जनस्वास्थ्य शिविर, मैराथन दौड़ आदि कार्यक्रमों को शत प्रतिशत सफल करने में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की महती भूमिका रहेगी।

महामंत्री संगठन ने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्य महत्वपूर्ण है। युवा शक्ति राष्ट्र की दिशा तय करती है। भारतीय जनता युवा मोर्चा का दायित्व बहुत बड़ा है। संगठन के द्वारा निर्धारित ⏭ शेष पेज 2 पर



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में हुई रंगोली प्रतियोगिता



**दंतेवाड़ा/गीदम।** रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा आईटीआई गीदम में आज रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय छत्तीसगढ़ का गौरवशाली इतिहास, विकास एवं संस्कृति रखा गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध परंपराओं और विकास यात्रा को रंगों के माध्यम से जीवंत किया। प्रतियोगिता में स्टेनो व्यवसाय के प्रतिभागी अमित, पायल, यामिनी, हितेश्वरी, कामेश्वर और वीरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्युतकार व्यवसाय की टीम विनीता, गायत्री, अंजली, पूजा भास्कर, कु. मंगलो और राजकुमार ने द्वितीय स्थान हासिल किया। तृतीय स्थान पर कोपा व्यवसाय के प्रतिभागी रेनुराम पुजारी, खुशी तामो, नैना बेड़ता, करतम भीमा, पूर्णिमा और अनीता ताती रहे।

### आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हुई कार्यशाला

**गीदम।** जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर गीदम स्थित स्वामी आत्मानंद कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को मध्य मानसिक स्वास्थ्य अंतर्गत तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही ''चलो बात करें'' थीम पर छात्राओं को किसी भी तनाव के समय खुलकर बात करने की सलाह दिया गया। कार्यशाला में जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉक्टर देश दीपक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतीक सोनी, डब्ल्यू एच ओ जिला सलाहकार कुमार गौरव, जिला एनसीडी सलाहकार अंकित सिंह, यूनिसेफ से श्रुति एवं संस्था के प्राचार्य तथा शिक्षक उपस्थित थे।

### विधायक ने की शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात



घाटलोहंगा। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल आज जगदलपुर स्थित कृष्णकुंज पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्व विधायक संतोष बाफना की माताजी स्व. सोनीबाई बाफना के निधन पर शोक संतप्त परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा समाज बाफना परिवार के साथ खड़ा है। इसके उपरांत विधायक बघेल गुजराती भवन पहुंचे। जहां आयोजित दुःख कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उन्होंने खत्री परिवार के प्रति भी अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। इस अवसर पर विधायक ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से सौजन्य भेंट हुआ। इस दौरान विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

# कन्या शिक्षा परिसर की छात्राएं विज्ञान अनुसंधान भ्रमण के लिए कोलकाता रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

■ शैक्षिक उपलब्धि के बाद राष्ट्रीय स्तर पर चयन, संस्थान में उत्सव का माहौल




शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल की दो छात्राएं कुमारी भूमिका नेताम एवं कुमारी मंदाकिनी कोर्राम कक्षा 11वीं विज्ञान अनुसंधान केंद्र, कोलकाता के शैक्षिक भ्रमण के लिए आज उत्साहपूर्वक रवाना हुईं। यह अवसर छात्राओं को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के निर्देशन में आयोजित विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के फलस्वरूप प्राप्त हुआ है।

गत वर्ष एससीआरटी के सहयोग से आयोजित ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में दोनों छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तर तक पहुंच बनाई थी। जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी दोनों छात्राओं ने प्रथम स्थान अर्जित कर संस्थान को गौरवान्वित किया। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों छात्राओं का चयन दिनांक 14 से 18 सितंबर तक आयोजित होने वाली विज्ञान अनुसंधान यात्रा हेतु किया गया है, जिसके अंतर्गत वे कोलकाता स्थित विज्ञान अनुसंधान केंद्र, बिरला म्यूजियम और विज्ञान केंद्र का शैक्षिक भ्रमण करेंगी। आज 13 सितंबर को छात्राओं को संस्था की जोन प्रभारी शिक्षिका रिचा गौरखेड़े व्याख्याता के मार्गदर्शन में कोलकाता के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर संस्था में उत्साह का वातावरण रहा। संस्थान के प्राचार्य एआर नोन्हारे एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें ज्ञानवर्धन की इस महत्वपूर्ण यात्रा के लिए विदा किया।

प्राचार्य ने कहा कि ऐसी शैक्षिक यात्राएं न केवल विद्यार्थियों के विज्ञान ज्ञान को बढ़ाती हैं, बल्कि उनमें अनुसंधान और नवाचार की भावना भी जाग्रत करती हैं। हमारी छात्राओं पर गर्व है। यह भ्रमण न केवल छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है।

# साइंस कैम्प में बच्चों ने किया कंप्यूटर और विज्ञान में प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

■ विद्यार्थियों ने उत्साह और जिज्ञासा के साथ सीखने की प्रक्रिया को रोचक बना दिया




छत्तीसगढ़ रजत जयंती 2025 के अवसर पर छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर द्वारा आस्था विद्या मंदिर जवांगा में आयोजित साइंस कैंप के चौथे दिन विद्यार्थियों ने कंप्यूटर सीखा और विज्ञान प्रयोगों में अपनी जिज्ञासा और कौशल दिखाया।

इस दिन की गतिविधियाँ डॉ महबूब आलम, भारतीय प्रोद्योगिक संस्थान, भिलाई और छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर के वैज्ञानिको द्वारा विद्यार्थियों में कंप्यूटर, रसायन और भौतिकी के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई थीं।

आज के सत्रों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कटेकल्याण और शाउमा कन्या विद्यालय, गीदम की छात्राओं ने भाग लिया। इन विद्यार्थियों ने उत्साह और जिज्ञासा के साथ गतिविधियों में हिस्सा लेकर सीखने की प्रक्रिया को और भी रोचक बना दिया। प्रथम सत्र कक्षा 6-8 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कटेकल्याण की छात्राये शामिल हुई। छात्राओ को कंप्यूटर के दैनिक जीवन में उपयोग और कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। उन्हें कंप्यूटर की मूल संरचना और बुनियादी अनुप्रयोग जैसे पेंट और माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में दस्तावेज बनाना, संपादित करना और सुरक्षित करना सिखाया गया। मजेदार खेलों के माध्यम से कंप्यूटर कैसे काम करता बताया गया। साथ ही उन्हें रसायन और भौतिकी के प्रयोग कराए गए। जैसे नॉन-न्यूटनियन फ्लूइड, यूनिवर्सल इंडिकेटर, अदृश्य स्याही, फ्लेम टेस्ट इन गतिविधियों ने बच्चों को पदार्थों की विशेषताओं और रासायनिक अभिक्रियाओं की गहराई को सरल और रोचक तरीके से समझने का अवसर दिया।

द्वितीय सत्र में शाउमा कन्या विद्यालय, गीदम की छात्राये शामिल हुई। छात्राओ को कंप्यूटर के दैनिक जीवन में उपयोग और कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। उन्हें कंप्यूटर की मूल संरचना और बुनियादी अनुप्रयोग जैसे पेंट और माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में दस्तावेज बनाना, संपादित करना और सुरक्षित करना सिखाया गया। मजेदार खेलों के माध्यम से बताया गया कि कंप्यूटर कैसे काम करता है, एल्गोरिद्म क्या है और प्रोग्रामिंग भाषा क्या होती है।

इसके बाद छात्रों को ग्राफिकल प्रोग्रामिंग भाषा से परिचित कराया गया। वरिष्ठ छात्रों को सरल आणविक संरचनाएं बनाने के लिए ड्राइंग टूल्स से परिचित कराया गया। साथ ही उन्हें कंप्यूटर की कार्यप्रणाली और प्रोग्रामिंग भाषा से खेलों के माध्यम से अवगत कराया गया।

## आदि कर्मयोगी अभियान में प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ



**दरभा।** दस कलस्टर में आदि कर्मयोगी अभियान का प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक क्लस्टर में चार से पांच पंचायतों मे आने वाले के आदि कर्मयोगीयों के कुल दस कलस्टर 40 ग्राम पंचायतों के आदि सहयोगी स्थानीय जनप्रतिनिधियों सरपंच पंच समस्त ग्रामवासी महिला स्व सहायता समूह स्वयं सेवी संस्थान एव शासन के विभिन्न विभागों के कर्मचारी कलस्टर सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम भारत सरकार जनजाति कार्य मंत्रालय की महत्वाकांक्षी राष्ट्रव्यापी अभियान समुदाय के विकास उत्थान उनके जीवन स्तर में बदलाव लाने शासन के उत्तर दायित्व विभिन्न योजनाओं संयुक्त प्रयास से आज का प्रशिक्षण ग्रापं मामड़पाल में सम्पन्न हुआ, जबकि समन्धित पंचायत सचिव और सरपंचो ने अपने अपने पंचायत के लोंगो को प्रशिक्षण मे उपस्थित करवाया था एवं स्वम भी उपस्थित थे। लोंगो ने ग्राम विकास के प्रति अपनी भावनाओं को अवगत कराते हुए कार्य योजना के प्रति सहभागिता मे रूचि दिखाई ट्रेनर्स ने प्रत्यक्ष गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक बनाया। जिससे प्रतिभागी काफ़ी उत्साहित दिखे। सहायक नोडल अधिकारी महेन्द्र सिंह बघेल ने उपस्थित लोंगो को सम्बोधित करते हुए कहा की शासन की योजनाओं की क्रियान्वयन मे आप सब की भागीदारी से आदि कर्मयोगी अभियान की सफलता सुनिश्चित होंगी आपके गाँव का विकास का कार्य योजना आप स्वम तय करेंगे। जिससे विजन 2030 की सफलता सुनिश्चित होंगी और हम सब समृद्धि की ओर कदम बढ़ाएंगे। उपस्थिति मास्टर ट्रेनर पवन सिंह,विजय कुमार सेठ, तिजेश देवगन,दीप्ति कश्यप, हिरेंद्र कुमार बघेल शीतल मरकाम गोपाल आचार्य,पतिराम कोड़पी, आशा दान आदि ने प्रशिक्षण दिया आदि कर्मयोगी का समापन विकास खण्ड नोडल अधिकारी बीरेंद्र बहादुर सिंह सहायक नोडल अधिकारी महेंद्र सिंह बघेल भी उपस्थित थे।

## करंजी में हुई वार्षिक आमसभा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

तोकापाल विकासखंड के ग्राम करंजी में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित करंजी की वार्षिक आमसभा का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में करंजी संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों के किसान भाई-बहनों ने भाग लिया। आमसभा में किसानों द्वारा क्षेत्रीय कृषि संबंधी समस्याओं, खाद-बीज की उपलब्धता, सहकारी ऋण, सिंचाई सुविधाओं, फसल बीमा और विपणन से जुड़ी समस्याओं को खुलकर साझा किया गया। विधायक ने उपस्थित किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है और हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि किसानों को समय पर सुविधा मिले तथा कोई भी किसान परेशान न हो।

उन्होंने आगे कहा कि सहकारी समितियां गांवों के आर्थिक विकास की रीढ़ होती हैं। समिति के माध्यम से किसानों को सुलभ दरों पर खाद, बीज, ऋण और अन्य कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ऐसी समितियों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है, जिससे ग्रामीण जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतूराम बघेल, दशरथ कश्यप, ग्राम सरपंचगण, किसान और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति प्रबंधन द्वारा किया गया तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

## मां दंतेश्वरी दर्शन कर लिया आशीर्वाद ...



दंतेवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय,बेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष एवं जिला दंतेवाड़ा संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी,युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने आज दंतेवाड़ा पहुँच बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा अर्चना कर सुख एवं समृद्धि की कामना की | देवी दर्शन के पश्चात भाजपा कार्यालय पहुंचने पर विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय,जिला दंतेवाड़ा संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी एवं युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया । इस दौरान समस्त भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डेयरी में गौवंशी पशुओं के रोगों का हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कार्यालय पशुधन विकास विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के गीदम विकासखण्ड में स्थित रमाकांत शुक्ला डेयरी में बीमारी से पशुओं में अत्यधिक बुखार की सूचना जिला पशुधन विकास विभाग को दी गई थी।

जिसके उपरांत पशुओं का नियमित इलाज विभागीय डॉक्टर एवं गठित दल द्वारा निरंतर उपचार किया गया। साथ ही जिला पशु रोग अन्वेषण केन्द्र दंतेवाड़ा द्वारा सैम्पल एकत्रित कर लैब में जांच किया गया जिसमें कुछ पशुओं में रक्त की कमी मलेरिया व बबेसिया बीमारी ज्ञात हुआ। इस संबंध में पशुधन विकास विभाग द्वारा उच्च स्तरीय जांच हेतु सैम्पल राज्य पशु रोग अन्वेषण केन्द्र को प्रेषित किया गया। तत्पश्चात 9 सितंबर को प्राप्त रिपोर्ट से ज्ञात हुआ कि 2 गाय में एफएमडी खुरहा चपका सीरो टाईप ओ पॉजिटिव पाया गया। इस हेतु लाईव स्टॉक ऑफिस डॉ सुशीन सिंह, डीएएचडी-जीओआई, सीनियर साइंटिस्ट आईसीएआर डॉ. राहुल सिंह आर्य, भुवनेश्वर, अतिरिक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं रायपुर, डॉ. केके ध्रुव, उप संचालक राज्य पशु रोग अन्वेषण केन्द्र डॉ. एके ताप्सी, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ राज्य पशु रोग अन्वेषण केन्द्र रायपुर मेजर नलिन शर्मा द्वारा 11 सितंबर को गीदम स्थित डेयरी एवं अन्य ग्रामों में भ्रमण कर सैम्पल एकत्रित कर पशुपालकों को एफएम डी संक्रमण रोग के संबंध में जागरूक एवं पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम एफएमडी टीकाकरण अभियान का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहन दिया गया। इस दौरान गौ पालकों संघ के अध्यक्ष दिनेश शर्मा को भी पशुओं में टीकाकरण हेतु कहा गया। इस मौके पर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. श्यामा मालवीय जिला पशु रोग अन्वेषण केन्द्र एवं पशु चिकित्सा दल उपस्थित रहें।

# मेरा रेशम मेरा अभिमान के तहत किसानों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान ने 13 सितंबर को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर विधानसभा के आदका गांव में रेशमकीट खाद्य पौधा रोग और कीट प्रबंधन पर किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. बी. तिरुपम रेड्डी, वैज्ञानिक-सी, और ताहिर सिद्दीकी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक, सीएसबी-बीएसएमटीसी बस्तर के नेतृत्व में इस पहल ने 80 से अधिक किसानों को आकर्षित किया, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं, जिन्होंने नवीन रेशम प्रौद्योगिकी पर चर्चा की। कार्यक्रम की मुख्य बातें में उन्नत रेशमकीट पालन प्रौद्योगिकी पर गहन चर्चा शामिल थी, जिससे कीटों और रोगों का प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके और रेशमकीट फसलों को स्वस्थ और उत्पादक बनाया जा सके। इसके अलावा जीवन सुधा, एलएसएम और टीकेओ जैसी प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर भी जोर दिया गया, जो स्थायी प्रथाओं के माध्यम से रेशम उत्पादन और ग्रामीण आजीविका को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। महिला किसानों की सक्रिय भागीदारी ने अभियान की समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, जो मेघालय के री-भोई जिले जैसे क्षेत्रों में इसी तरह की पहलों के साथ संरेखित है, जहां प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने कच्चे रेशम उत्पादन को बढ़ावा दिया है और स्थानीय किसानों को सशक्त बनाया है।

## बीआरसी ने शालाओं का किया निरीक्षण



भोण्ड। बस्तर ब्लॉक के बीआरसी अजम्बर कोर्राम ने उच्च प्राथमिक शाला भुरसुंडी, प्राथमिक शाला महुगुड़ा भोंड तथा प्राथमिक शाला नारनपाल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शालाओं में शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं शिक्षा की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान बीआरसी ने बच्चों से गणित, अंग्रेजी, सब्जियों के नाम, जानवरों के नाम आदि विषयों पर सवाल पूछकर उनकी समझ और ज्ञान का मूल्यांकन किया। कोर्राम ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया एवं शिक्षकों को विशेष रूप से कमजोर बच्चों पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने विद्यालय में मध्यान्ह भोजन कक्ष एवं शाला परिसर की स्वच्छता की भी बारीकी से जांच की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दोरान शिक्षक शैलेन्द्र तिवारी, हेमलता कश्यप, लोकेश रावटे दिनेश साव सी आर बघेल उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सदस्य ने किया अतिसंवेदनशील क्षेत्र का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



जिला पंचायत सदस्य योगेश बैज ने अतिसंवेदनशील क्षेत्र ग्राम पंचायत बोदली, पिच्चीकोड़ेर और हर्राकोड़ेर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनके हालचाल जाना। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया और क्षेत्र में शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी की ओर ध्यान आकर्षित कराया।

योगेश बैज ने विशेष रूप से हॉस्टलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पिच्चीकोड़ेर के हॉस्टल की स्थिति बेहद चिंताजनक पाई गई। 80 सीट क्षमता वाले इस हॉस्टल में मात्र 14 बच्चे ही निवासरत मिले, जबकि बाकी बिस्तर और कमरे खाली पड़े रहे। हॉस्टल की स्थिति देख उन्होंने अफसरों से सवाल किए और बच्चों की संख्या कम होने पर गंभीर चिंता जताई।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा और विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उसका असर नहीं दिख रहा है। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को बांटे जरूरी सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

■ गांव के 90 परिवार हुए लाभान्वित




सदगुरु कबीर धनिधर्मदास वंशावली मिशन अभियान प्रवर्तक नवोदित वंशाचार्य हुजूर उदितमुनि नाम साहब के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से जिला कोंडागांव और बस्तर के जिला प्रतिनिधियों के साथ-साथ कबीर पंथ के अनुयाई लगभग 175 की संख्या में बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा ब्लाक अंतर्गत ग्राम मांदर में पहुंचे। और ग्रामीणों के घर बाढ़ से गिर गए थे और मलबे में दबे हुए लकड़ी को निकालने के साथ ही घर के सामानों को निकालने में सहयोग किया।

सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन जिला बस्तर एवं जिला कोंडागांव के संयुक्त तत्वावधान में उपरोक्त गांव के बाढ़ पीड़ित लगभग 90 परिवार के लोगों को उनकी बुनियादी आवश्यकता अनुसार घमेला, बाल्टी, चटाई, चावल चार क्विंटल पचास किलो दाल कुंतल तहसील लोहंडीगुड़ा के तहसीलदार पोयाम के उपस्थिति में वितरण किया और पीड़ित परिवार के महिला एवं पुरुषों को कपड़े भी वितरण किया।

इस अवसर पर केडीबी मिशन जिला बस्तर के जिला प्रतिनिधि श्याम दीवान, परोपकारी प्रतिनिधि पवन बघेल, सह प्रतिनिधि रतनू सिंहा, युवा प्रतिनिधि सरोवर दास, महिला प्रतिनिधि हीरामणि, सलाहकार महंत लक्ष्मीकांत, महंत बुदरुदास महंत, गिरधर दास सहयोगी प्रतिनिधि तुलेश, सेठिया, अनिल बघेल के साथ जिला कोंडागांव के केडीबी मिशन के जिला प्रतिनिधि देवनाथ प्रधान, नकुल नाग, अक्षय पांडे, घुड़राम पांडे के अलावा काफी संख्या में सदगुरु कबीर नवयुवक मंडल के युवा सदस्य एवं महिला मंडल के सदस्य शामिल रहे। उपरोक्त पूरा कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य के कबीर धनिधर्मदास वंशावली मिशन के राज्य सह युवा प्रतिनिधि अर्जुन प्रधान के मार्गदर्शन व नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित परिवारों के लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे और पीड़ित परिवार के लोगों ने कबीर पंथ अनुयाइयों को धन्यवाद ज्ञापित किया।




